an>

Title : Need to appoint trained technicians for maintenance of water tanks under 'Har Ghar Nal, Har Ghar Jal' Yojana.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''हर घर नल, हर घर जल'' के अन्तर्गत देश के सभी ग्राम सभाओं में बने या निर्माणाधीन पानी की टंकियों को बनाकर सरकार ग्राम सभाओं को सुपुर्द कर रही है । महोदय आपको अवगत कराना है कि ग्राम सभाओं के पास कोई प्रशिक्षित टेक्निशियन नहीं होने के कारण टंकियों का रख-रखाव व पानी का सुचारू रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है या नहीं हो पायेगा । मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में बहुत सारी पानी की टंकिया इसी वजह से आज तक चालू नहीं हो पायी है , साथ ही बहुत सारी पांनी की टंकिया विगत कई वर्षों से बन्द पड़ी हैं जिनकी कोई सुध लेना वाला नहीं है जिससे आम जन को अत्यंत कठिनाईओं का सामना करना पड़ रहा है । महोदय मेरा क्षेत्र हैवी मैटेल (आर्सेनिक युक्त) पानी का क्षेत्र है, पानीं की टंकियो के सुचारू रूप से न चल पाने के कारण सभी लोग हैवी मैटेल (आर्सेनिक युक्त) पानी पीने के लिए मजबूर हैं ।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से अनुरोध करता हुं कि इस गंभीर विषय पर ध्यान देते हुये अपने स्तर से प्रत्येक ग्राम सभाओं में कौशल विकास के द्वारा प्रशिक्षित टेक्निशियन युवांओं की भर्ती की जाये जिससे रोजगार का भी सृजन होगा और सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम को भी बढ़ावा मिलेगा ।